## कार्यालय –प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला– सवाई माधोपुर (राजस्थान)

क्रमांक–डॉ.भीअराबाआवि / छाण / 2017 / दिनांक–

### अल्पकालीन निविदा बोली आमंत्रण सूचना 01 / 2017-18 short term

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा Rajasthan Transparency in Public Procurement Act 2012 तथा Rajasthan Transparency in Public Procurement Act 2013 के तहत डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण स.मा. में जॉब बेसिस कार्य हेतु वर्ष 2017–18 01 nov 2017.से 31 march 2018 कराने हेतु श्रम अधिनियमों में पंजीकृत संस्थाओं से लिफाफे में तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड प्रस्तुत करने हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| क.सं. | जॉब कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित वार्षिक लागत | बोली प्रतिभूति राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | सुरक्षा गार्ड, इलेक्टिशियन, मैस कर्मी (हेड कुक, कुक) स्वीपर, बागवान, एवं कम्पयूटर ऑपरेटर जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने बावत् | **9.5 लाख रूपये** | 19000 /– रू. |
| 2. | बोली शुल्क | 400/– रूपये | |
| | | | |

**बोली कार्यक्रम**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बोली प्रपत्र बिड सीट इत्यादि वितरण करने की तिथि व समय | **13/10/2017** | **11 Am** |
| 2. | बोली प्रस्तुत करने की प्रारम्भ तिथि व समय | **13/10/2017** | **12 Pm** |
| 3. | अमानत राशि बोली शुल्क, एवं अल्पकालीन बोली प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय | **26/10/2017** | **01 Pm** |
| 4. | तकनीकी अल्पकालीन बोली खोलने की दिनांक एवं समय | **26/10/2017** | **02 Pm** |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय | **26/10/2017** | **04 Pm** |

अल्पकालीन बोली दस्तावेज मय शर्ते sjerajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। तकनीकी अल्पकालीन बोली उन्ही बोलीदाताओं की खोली जायेगी जिनके द्वारा दिनांक **26/10/2017**को **01 Pm** बजे तक बोली शुल्क राशि बोली प्रतिभूति राशि के डिमाण्ड डाफ्ट जो कि प्रधानाचार्य, डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण,(स.मा.) के नाम से इस कार्यालय को प्राप्त हो गये होंगे।
अधोहस्ताक्षरकर्ता व निविदा समिति को निविदा प्रकिया रद्द करने का अधिकार होगा। तकनीकी अल्पकालीन बोली खोलने की तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर अगले कार्य दिवस को बोली खोली जावेगी।

**UBN No. SOC17185LO800004**

प्रधानाचार्य
डॉ.भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका
आवासीय विद्यालय छाण स.माधोपुर

## कार्यालय –प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला– सवाई माधोपुर (राजस्थान)

आवासीय विद्यालय में सुरक्षा गार्ड, इलेक्टिशियन, मैस कर्मी (हेड कुक, कुक) स्वीपर, बागवान, एवं कम्पयूटर ऑपरेटर जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराने हेतु:.

**निविदा प्रपत्र "क"**

(तकनीकी निविदा प्रपत्र)

| | |
|---|---|
| निविदा सूचना संख्या:- | 01/2017-18 |
| निविदा विक्रय की अन्तिम दिनांक | 26/10/2017, 11Am |
| निविदा प्राप्ति की दिनांक | 26/10/2017, 12 Pm |
| निविदा खोलने की दिनांक | 26/10/2017, 02Pm |

निविदा प्रपत्र का मूल्य 400/- प्रतिफार्म नकद/रसीद सं.....................................दिनांक...........................

1. रजिस्टर्ड सेवा प्रदाता संस्थाध्फर्म का नाम ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
2. संस्था का प्रकार(NGO,Placement, Agency,Farm ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
3. अध्यक्ष का नाम ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
4. स्थाई पता ,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,,
   टेलिफोन नं
   1 कार्यालय.............................. 2 निवास............................................
   3 मोबाईल नं............................
5. फर्म का बैंक खाता संख्या आईएफएससी कोड सहित...............................................................
6. ऐजेन्सी का रजिस्टेशन नं ....................................................................
7. श्रम विभाग से पंजीकृत ....................................................................
   होने संबंधी पंजीयन क्रमांक व दिनांक ....................................................................
8. पेन नं ....................................................................
9. अमानत राशि डीडी बैकर्स चैक न............................ दिनांक............... राशि ................
   बैक का नाम व शाखा .......................................................................
   ...........................................................................पर देय।

10 विभाग से पत्र व्यवहार करने हेतु ....................................................................
हस्ताक्षर करने के लिये अधिकृत ....................................................................
व्यक्ति का नाम मय पूरा पता ....................................................................

11 I.S.I. में पंजीयन नं ....................................................................

12 उपरोक्त तकनीकी निविदा में निम्न प्रमाण पत्रो, दस्तावेजो की प्रतियां संलग्न नही होने की स्थिति में निविदा स्वत: ही निरस्त मानी जावेंगी।

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

**नोटः–** तकनीकी निविदा (Technical bid) को पृथक लिफाफे में डाला जावे एवं लिफाफे पर स्पष्टत तकनीकी निविदा अंकन किया जावें। वित्तीय निविदा को अलग लिफाफे में डाला जाकर उस पर भी वित्तीय निविदा स्पष्ट लिखा जावें। दोनो को अलग अलग लिफाफे में मोहरबन्द किया जावें। दोनो निविदाऐं एक साथ होने पर निविदा स्वीकार नही की जावेगी।

डीडी व निविदा भेजने का पताः प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर जिला सवाई माधोपुर

निविदा सूचना संदर्भः 01/2017-18

**तकनीकी निविदा में निम्न प्रमाण पत्रो/दस्तावेजो की प्रतियां (आवश्यक रूप में) संलग्न करे।**

1. निविदा का अनुमानित व्यय लगभग 9.5लाख रूपये वार्षिक होगा। इसकी अमानत राशि 2 प्रतिशत 19000 रू. का डी.डी. प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण,सवाई माधोपुर के नाम से बनवाकर संलग्न किया जावे इसके अभाव मे निविदा पर विचार नही किया जावेगा।
2. सेवा प्रदाता संस्था का श्रम विभाग मे पंजीकृत होने संबंधी प्रमाण पत्र की प्रति।
3. पेन नं. की प्रति एवं विगत वर्ष का आयकर रिटर्न।
4. सर्विस टैक्स रजिस्टेशन नम्बर या जीएसटी नं. की प्रति एवं अंतिम कर चुकता प्रमाण पत्र।
5. संस्था का मेन पावर उपलब्ध करने के कार्य का अनुभव प्रमाण– पत्र।
6. स्वंय के लेटर–हैड पर कही ब्लैकलिस्टेड नही होने का स्व घोषणा पत्र।
7. राजकीय संस्थान में अनुभव वाली संस्था को प्राथमिक अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर दी जावेगी।
8. भविष्य निधि कार्यालय मे पंजीयन की प्रति।
9. ई.एस.आई. में पंजीयन की प्रति।
10. अंतिम वित्तीय वर्ष की बैलेंस शीट सी.ए.से प्रमाणित 2016–17 (न्यूनतम वार्षिक टर्न ओवर 10.00 लाख रूपये हो)
11. संस्था के मालिका का आपराधिक रिकार्ड नही हो (निवास से सम्बन्धित जिले के पुलिस अधीक्षक कार्यालय का चरित्र सत्यापन रिपोर्ट दो वर्ष से पुराना नही हो।)

निविदादाता के हस्ताक्षर मय संस्था सील
पूरा नाम ........................................................
डाक का पता ..............................................

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

राजस्थान सरकार

**कार्यालय – प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला– सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

–ः आवासीय विद्यालय में सुरक्षा गार्ड, इलेक्टीशियन, मैसकर्मी (हैड कुक व कुक), स्वीपर, बागवान एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के जॉब बेसिस कार्य (मानव संसाधन) उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निविदा शर्तेः–

**निविदा प्रपत्र “ख“**

(वित्तीय निविदा प्रपत्र)

| कार्य का नाम | दर प्रतिमाह कार्मिक सभी खर्चो सहित | |
|---|---|---|
| | अंको में (30 दिन) | शब्दो में (30 दिन) |
| सुरक्षा गार्ड | | |
| इलेक्टीशियन | | |
| स्वीपर | | |
| मैसकर्मी (हैड कुक व कुक) | | |
| बागवान | | |
| कम्प्यूटर ऑपरेटर | | |

.....................................................................................................................
.....................................................................................................................
.....................................................................................................................
.................................................................................................................

निविदा दाता के हस्ताक्षर

पूरा नाम.....................................................

डाक का पता....................................................

....................................................

....................................................

मोबाइल नं0.....................................................

राजस्थान सरकार

## कार्यालय – प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय विद्यालय छाण, तहसील वजीरपुर, जिला– सवाई माधोपुर (राजस्थान)

–: आवासीय विद्यालय में सुरक्षा गार्ड, इलेक्टीशियन, मैसकर्मी (हैड कुक व कुक), स्वीपर, बागवान एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के जॉब बेसिस कार्य (मानव संसाधन) उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निविदा शर्तेः–

### आवश्यक निविदा शर्तेः–

| | |
|---|---|
| 1. | कार्यालय द्वारा जारी किये गये निविदा प्रपत्र पर ही सील बन्द लिफाफे में निविदा स्वीकार की जायेगी निविदा दो बिड सिस्टम पर आधारित है। उक्त निविदा प्रपत्र ''क'' में तकनीकी एवं प्रपत्र ख में वित्तीय बिड अंकित करते हुये पृथक पृथक दो लिफाफे में तैयार कर दोनो लिफाफो को एक बडे लिफाफे में रखकर प्रस्तुत करना होगा। प्रथमतः तकनीकी बिड वाला लिफाफा खोला जावेगा तकनीकी बिड में सफल निविदादाता की ही वित्तीय बिड खोली जावेगी। निविदा की अनुमानित लागत रूपये 9.5 लाख की 2 प्रतिशत राशि रूपये 19000 (उन्नीस हजार) के डीडी की मूल प्रति सील बन्ध लिफाफे में कार्यालय के पते पर – **प्रधानाचार्य डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय, छाण सवाई माधोपुर** के नाम प्रेषित करना होगा जो **प्रधानाचार्य डॉ0 भीमराव अम्बेडकर राजकीय बालिका आवासीय, छाण सवाई माधोपुर** के नाम से बना हो । सफल निविदादाता को 5 प्रतिशत प्रतिभूति निक्षेप राशि का डीडी अनुबन्ध से पूर्व प्रस्तुत करना होगा। सफल निविदादाता के द्वारा निविदा में प्रस्तुत 2 प्रतिशत अमानत राशि का प्रतिभूति राशि में समायोजन कर लिया जायेगा, शेष 3 प्रतिशत प्रतिभूति राशि का डीडी अनुबन्ध से पूर्व जमा कराना होगा। लिफाफे के उपर स्पष्ट अक्षरो में '' आवासीय विद्यालय में जॉब बेसिस कार्य सेवाएं (मानव संसाधनद्ध उपलब्ध कराने हेतु निविदा) अंकित करें। |
| 2. | रजिस्टर्ड सेवा प्रदाता संस्था/एनजीओ द्वारा निविदा प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर किये जावें। |
| 3. | आवासीय विद्यालय के डिलीवरी पॉइन्ट के सम्पूर्ण कार्यो को सम्पादित करवाने हेतु श्रम विभाग राजस्थान सरकार से नियमानुसार रजिस्टर्ड एवं मान्यता प्राप्त उन संस्थाओ के द्वारा ही बोली भरकर दी जानी चाहिए जिन्हे किसी उच्च संस्थान/होटल/हॉस्पीटल/बैंक में उक्त कार्यो का दक्षतापूर्वक अनुभव हों। |
| 4. | निविदादाता को कार्यानुभव प्रमाण–पत्र, प्रतिभूति राशि का प्रमाण–पत्र एवं सर्विस टैक्स रजिस्टेशन, ई.पी.एफ. रजिस्टेशन, ई.एस.आई.सी. रजिस्टेशन, सेल्स टैक्स रजिस्टेशन |

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

| | | |
|---|---|---|
| | के सर्टिफिकेट आयकर रिर्टन सर्टिफिकेट, बैलेन्स शीट की छाया प्रतियॉ स्व प्रमाणित संलग्न करनी होगी । | |
| 5. | निविदा प्रपत्र में दरो का इन्द्राज अंको के साथ –साथ शब्दो में भी किया जावे । कटिंग /ओवर राईटिंग होने पर उस पर लघु हस्ताक्षर होने चाहिए। निविदा में दी गई दरें किसी भी परिस्थिति में बदली नहीं जावेगी । | |
| 6 | निविदादाता प्रपत्र भरने से पर्वू डिलीवरी पॉइन्ट के कार्यो का विरण निम्नानुसार हैः– | |
| | I | सुरक्षा गार्ड का कार्यः– विद्यालय के मुख्य द्वार पर तैनात रहकर विद्यालय के अन्दर आने जाने वालों का रजिस्टर संधारण करना छात्राओ से मिलने आने वाले अभिभावको को परिचय पत्र के द्वारा प्रवेश देना एंव मिलने का समय निश्चित कर वापस भेजना, छात्रो की आगमन एंव प्रस्थान पंजिकाओ का संधारण करना तथा रात्रि में व़िद्यालय के सम्पूर्ण परिसर में गस्त करने का कार्य, सुरक्षा गार्डो को विद्यालय की आवश्यकतानुसार कभी भी डयूटी चार्ट के अतिरिक्त भी डयूटी पर बुलाया जा सकता है । जिसका अतिरिक्त कोई भुगतान नहीं किया जावेगा सुरक्षा कर्मी भारतीय सुरक्षा बल से रिटायर्ड होना आवश्यक है । |
| | II | इलेक्टीशियन का कार्य :–विद्यालय के सम्पूर्ण परिसर की बिजली व्यवस्था ठीक करना, समय समय पर पानी की मोटर चलाकर पानी लिफ्ट करना एंव बोरबैल की सबमर्सिबल मोटर आवश्यकतानुसार चलाना तथा पानी लीकेज होने पर पाईप लाईन की मरम्मत का भी कार्य करना होगा । इलेक्टिक प्रशिक्षण संस्थान की डिग्री /प्रशिक्षित होना आवश्यक है । |
| | III | स्वीपर के कार्य : विद्यालय के सम्पूर्ण परिसर यथा–छात्रावास, विद्यालय , मैस की साफ –सफाई , धुलाई पोंछा, बाथरूम एंव शैाचालयों की सफाई, बरामदों, गैलेरियो, खिड़की, दरवाजो एंव परिसर की उपरी छत विद्यालय के बाहर के मैदानों चार दिवारी के अन्दर एंव नये निर्मित होने वाले भवनो की सफाई करनी होगी, मल –मूल आदि की धुलाई करके सफाई करनी होगी, छात्रावास के बाहर चारो ओर की गंदगी की सफाई रोजाना करनी होगी, डस्टबिन रोजाना खाली करनी होगी तथा सीवर लाईन के चेम्बर चौक हो जाने पर चौक लाईन को चालू ठीक करनी होगी सफाई कर्मी एंव रंग की वर्दी में उपस्थित होने चाहिए वर्दी पर सफाई कर्मचारी का नाम अंकित किया जाना होगा । |

हस्ताक्षर निविदादाता मय सील

| | | |
|---|---|---|
| 5. | lv | **मैसकर्मी, हैड कुक एंव कुक,का कार्य** :– विद्यालय के मैस में 40 छात्राओ पर एक के अनुपात में कुक लगाये जायेगें । इनके कार्यो में विभागीय मीनू के अनुसार छात्राओ को नाश्ता एंव भोजन तैयार कर समय पर परोसना, मैस एंव मैस रसोई के बर्तनो की सफॉई करना एंव मीनू अनुसार स्पेशल डाईट भी तैयार करनी होगी तथा सभी मैस कर्मियो को निर्धारित वर्दी एंव आई.डी. के साथ ही मैस में आना होगा । |
| | v | बगवानी कार्य :– विद्यालय परिसर में लगे पेड़ पौधो में निरन्तर पानी देना, कटाई छंटाई करना, परिसर में पड़ी खाली जगह में नये पैड पौधे, लगाना, खेल के मैदानो एंव अन्य खाली जगहो पर उगने वाली घास, कटीली, झाडियो आदि को साफ कर परिसर को साफ– सुथरा रखना, खाली जगहो में उगे हुए अव्यवस्थित कांटेदार व टूटे हुए पेडो को हटाकर उनकी जगह व्यवस्थित रूप से नये पेड पौधे लगाना, परिसर को समतल बनाना एंव बरामदो में गमलो में पैड पौधे लगाना एंव उनकी देखभाल करना आदि। बागवानी के कार्य मय उपकरण करने होगें । साथ ही डयूटी समय में आवश्यकतानुसार अन्य लेवर कार्य भी कराया जा सकता है । जिसका अलग से कोई भुगतान देय नहीं होगा । |
| | vl | कम्प्युटर आपरेटर का कार्य :–कम्प्युटर ऑपरेटर के पास कम्प्यूटर कोर्स का डिप्लोमा /डिग्री होना आवश्यक है एंव कार्य में दक्ष होना आवश्यक है । कम्प्यूटर कार्य विद्यालय के निर्देशानुसार करने होगें तथा कार्यालय समय में विद्यालय आना होगा जिसमें उसे लेटर बनाना, फोरमेंट टाईप करना तथा छात्राओ के प्रदेश सम्बन्धी कार्य ऑन लाईन करना, रिजल्ट कम्प्यूटरराईज करना एंव छात्राओ को कम्प्यूटर शिक्षण कराना आदि कार्य करने होगें । कम्प्यूटर सबंधी समस्त कार्यो में गोपनीयता रखनी होगी । |
| | बोली स्वीकृत होने की स्थिति में 7 दिवस में सफल निविदा दाता को निर्धारित प्रपत्र में स्वंय के खर्चे पर 1000/रूपये मूल्य के गैर न्यायिक स्टाम्प पर एक अनुबन्ध भरना होगा जिसकी मूल प्रति नि–शुल्क कार्यालय आवासीय विद्यालय छाण को देनी होगी । जॉब बेसिस की शर्तो एंव नियमो को भली प्रकार से निभाने के लिए कुल निविदा राशि की 5 प्रतिशत राशि सिक्यूरिटी डिपोजिट के रूप में जमा करानी होगी । जो बैंक डाफ्ट / बैकर्स चैक द्वारा जमा कराई जा सकती है । इस जमा पर कोई ब्याज देय नहीं होगा । पूर्व में 2 प्रतिशत जमा अमानत राशि इसमें समायोजित कर ली जावेगी । | |
| 8 | निविदादाता यदि निविदा खुलने के बाद परन्तु अनुमोदन/स्वीकृति से पूर्व अपनी दरो में परिवर्तन करें, या निविदा वापस लेने या जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओ का अनुबन्ध समय पर नहीं करे या समय पर सम्पादन सिक्यूरिटी राशि जमा नहीं करावे या समय पर सेवायें उपलब्ध नहीं करावे या अनुबन्ध की शर्तो का उल्लंघन करें, तो निविदा निरस्त कर अमानत राशि जब्त कर ली जावेगी एंव नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी । | |
| 9 | सफल निविदादाता अपने जॉब बेसिस कार्यो या उसके किसी सारवान भाग को किसी | |

| | |
|---|---|
| | अन्य संस्था /व्यक्ति /एजेन्सी को नहीं सौपेगा और ना ही उप बेचान करेगा । |
| 10 | सफल निविदादाता द्वारा अपने जॉब बेसिस कार्य प्रतिदिन निर्धारित समयानुसार करने होगें एंव कार्य नहीं करने पर निविदा की अनुमोदित दरो के अनुपात में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन की दर से कटौती की जावेगी जो शास्ति की श्रेणी में नही आवेगी । |
| 11 | न्यूनतम बोली स्वीकार करने के लिए यह कार्यालय बाध्य नहीं होगा तथा राज्य हित में क्रय समिति को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी बोली को बिना कारण बताये निरस्त कर सकेगी । |
| 12 | यदि सफल निविदादाता जॉब बेसिस कार्य अनुभव अवधि के बीच में ही छोड़कर चला जाता है अथवा निर्धारित अवधि तक अनुबन्ध की शर्तो के अनुसा कार्य नही करता है तो ऐसी दशा में प्रधानाचार्य आवासीय विद्यालय छाण को निविदादाता की जोखिम एवं लागत (Risk and cost) पर इन कार्यो की व्यवस्था की अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करवाने का अधिकार होगा एवं उसकी वसूली सम्बन्धित निविदादाता से की जावेगी। |
| 13. | सफल निविदादाता द्वारा 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को कार्यो के लिए नही भेजा जावेगा और ना ही शराबी, अन्य नशे आदि अथवा आपराधिक प्रवृत्ति में लिप्त व्यक्ति को जॉब बेसिस कार्यो के लिए भेजा जावेगा। यदि किसी भी भेजे जाने वाले श्रमिक द्वारा आपराधिक कृत्य किया जाता है तो उससे होने वाले प्रत्येक दायित्व के लिए सम्बन्धित निविदादाता पूर्ण उत्तरदायी होगा। निविदादाता द्वारा भेजें जाने वाले व्यक्तियों के वयस्क होने का सबूत उसके उस परिचय पत्र में दर्शाना होगा जो प्रतिदिन ड्यूटी पर वर्दी के साथ पहनकर अनिवार्य रूप से आयेगा। |
| 14. | सफल निविदादाता को जॉब बेसिस कार्यो के मासिक बिलों को भुगतान फर्म के खाते में ई.सी.एस. से कराया जावेगा और भुगतान में देरी होने पर किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नही किया जावेगा। भुगतान के अभाव में जॉब बेसिस कार्य रोकना, किसी प्रकार की बाधा/व्यवधान मान्य नही होगा। ऐसा करने पर विद्यालय सम्बन्धित फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होगा। |
| 15. | सफल निविदादाता को जॉब बेसिस कार्यो की अवधि दिनांक 31/03/2018को समाप्त होने अथवा आगामी जॉब बेसिस कार्यो की प्रक्रिया पूर्ण होने तक अनुमोदित दर से कार्य जारी रखने होंगे। तथापि कार्य संतोषजनक होने पर आपसी सहमति से अनुबन्ध की अवधि नियमानुसार आगे बढाई जा सकेगी। |
| 16. | जॉब बेसिस कार्य व्यवस्था सुचारू नही होने की दशा में प्रतिदिन आनुपातिक रूप से राशि की कटौती की जावेगी। |
| 17. | किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में क्रय समिति का निर्णय अन्तिम होगा जो सभी पक्षों को मान्य होगा। कानूनी विवाद का न्याय क्षेत्र गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर (राजस्थान) होगा। |
| 18. | कार्यालय द्वारा सफल निविदादाता को जॉब बेसिस कार्यो के भुगतान की तिथि से उनके श्रमिको के भुगतान का कोई सम्बन्ध नही होगा। श्रम अधिनियम के प्रावधानो की पालना नही होने पर उनके विरूद्ध श्रमिक द्वारा श्रम न्यायालय मे वाद प्रस्तुत करने की स्थिति में |

| | |
|---|---|
| | सफल निविदादाता स्वंय के खर्चे से वाद का निस्तारण करायेगा। यदि अनुबन्ध अवधि में लगाये गये श्रमिक के साथ कोई दुर्घटना घटित हो तो उससे होने वाले प्रत्येक दायित्व के लिए सफल निविदादाता पूर्ण जिम्मेदार होगा। इस कार्यालय की प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कोई जिम्मेदारी नही होगा। |
| 19. | जॉब बेसिस कार्यो हेतु भेजे जाने वाले सफल निविदादाता के ही श्रमिक कहलायेंगे तथा उनके पारिश्रमिक के भुगतान के लिए सफल निविदादाता ही पूर्ण उत्तरदायी होगा एवं उसके भेजे जाने वाले श्रमिकों के बीच भुगतान के विवाद के लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। |
| 20. | अन्य शर्ते सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार मान्य होगा। |
| 21. | जॉब बेसिस कार्य पूर्णतया अस्थायी तौर पर रहेंगे तथा निश्चित शर्तो के अनुसार कार्य नही होने पर पुनः विचार कर कार्य अवधि को घटाने/बढाने का अधिकार क्रय समिति को होगा। |
| 22. | जॉब बेसिस कार्यो का निविदा प्रपत्र भली प्रकार से पूर्ण रूप से भरकर प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर एवं फर्म की मोहर अंकित करके मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 26/10/2017 को 01 pm तक व्यक्तिगत या डाक से आवासीय विद्यालय के पते पर मिल जाना चाहिये।निविदादाता लिफाफे पर द्वारा भजॉब बेसिस कार्य सेवाएं (मानव संसाधनद्ध उपलब्ध कराने हेतु निविदाभलिखा होना चाहिये। प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष क्रय समिति द्वारा दिनांक 26/10/2017को .04.00 Pm पर खोली जावेगी। |
| 23. | सफल निविदादाता को यह निश्चित करना होगा कि उसके द्वारा लगाये गये सभी जॉब श्रमिक विद्यालय द्वारा निर्धारित साफ बर्दी में उपस्थित होंवे। वर्दी पर जॉब श्रमिक का नाम अंकित किया जाना आवश्यक है। श्रमिकों के वर्दी में उपस्थित नही होने की स्थिति में इस कार्यालय द्वारा मासिक भुगतान में से रू. 100/— प्रतिदिन की दर से कटौती की जा सकेंगी। |
| 24. | अनुबन्ध अवधि में विद्यालय भवन के स्थाई/अस्थाई सामान की टूट—फूट श्रमिको से होती है तो उसकी वसूली सफल निविदादाता से की जावेगी। किसी सामान के गायब किये जाने की स्थिति में सामान की क्षतिपूर्ति राशि निविदादाता से वसूल की जावेगी। |
| 25. | सफल निविदादाता के द्वारा कार्य को प्रतिदिन पूर्व में ही जॉचकर जॉब श्रमिको को पर्याप्त संख्या में विद्यालय में भेजकर कार्य निर्धारित समय में सम्पन्न कराना होगा लेकिन जॉब श्रमिको की अधिक संख्या किसी भी दिन बताकर कोई अतिरिक्त भुगतान दये नही होगा और ना ही एक दिन के कार्यो में जॉब श्रमिक नही भेजकर सफल निविदादाता द्वारा व्यवधान उत्पन्न किया जावेगा। |
| 26. | जॉब बेसिस सेवाओ/कार्यो हेतु कोई भी पद स्वीकृत नही है और ना ही भविष्य में कोई पद स्वीकृत होने की संभावना है। |

| | |
|---|---|
| 27. | विद्यालय द्वारा जॉब बेसिस पर उपलब्ध कराये गये व्यक्तियों से सीधा कोई पत्र व्यवहार नही किया जावेगा। केवल सफल निविदादाता फर्म/एजेन्सी/संस्था से ही पत्र व्यवहार किया जावेगा। |
| 28. | सफल निविदादाता फर्म/एजेन्सी/संस्था प्रत्येक माह की समाप्ति के बाद जॉब बेसिस कार्यो का बिल तीन प्रतियों में विद्यालय कार्यालय को भुगतान कार्यवाही कराने के लिए प्रस्तुत करेगी। बिल कोषागार से पारित होने पर भुगतान सेवा प्रदाता एजेन्सी/फर्म के बैंक खाते में ECS द्वारा जमा होगा। |
| 29. | निविदादाता संलग्न अनेक्जर व समस्त दस्तावेजो की अपेक्षित पूर्ति कर समस्त पृष्ठों पर स्वंय के हस्ताक्षर कर प्रस्तुत करेगा। |
| 30. | निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरे समस्त करो यथा– आयकर, विक्रीकर, सेवाकर आदि सहित दी जानी है एवं नियोजित कार्मिको के बीमा व भविष्य निधि अंशदान के भुगतान की जिम्मेदारी प्रस्तुत निविदादाता फर्म/संस्था की होगी। विभागीय आदेशानुसार देय करो की स्त्रोत पर कटौती की जा सकेगी। विभाग द्वारा निविदादाता द्वारा प्रस्तुत दरो के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान देय नही होगा। |
| 31. | निविदा की दरों की वैद्यता खोले जाने की दिनांक 6 माह के लिए विधि मान्य होगी। |
| 32. | निविदा दी गई शर्तो के अतिरिक्त निविदादाता द्वारा दी गई शर्ते स्वीकार नही की जावेगी अर्थात् सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जावेगी। |
| 33. | त्कनीकी निविदा का परीक्षण करने के पश्चात् ही वित्तीय निविदा दिनांक 26/10/2017 को खोली जावेगी। |
| 34. | श्रम कानूनों की पालना की जिम्मेदारी निविदादाता फर्म/संस्था की होगी। विभाग द्वारा इससे सम्बन्धित कोई शिकायत स्वीकार नही की जावेगी। |
| 35. | निविदा के समस्त आइटम एक ही यूनिट में शामिल है। अतः आंशिक धरोहर राशि स्वीकार योग्य नही होगीं। |

प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय
बालिका आवासीय विद्यालय छाण
तह.– वजीरपुर, जिला–सवाई माधोपुर

**उपर्युक्तानुसार बिन्दु 1 से 35 तक में जॉब बेसिस सम्बन्धित सेवाओ के कार्यो का विवरण मय अनुलग्नको एवं शर्तो के मेरे द्वारा ध्यानपूर्वक पढ लिया गया है और समझ लिया गया है तथा मै इन शर्तो से पूरी तरह से सहमत हूॅ तथा प्रत्येक शर्त से पाबन्द रहूंगा।**

निविदादाता के हस्ताक्षर मय मोहर..................
मोबाईल नम्बर..................................
पता.........................................................